तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025





14 गांव-गांव गूंजा तिरंगे का जयघोष और उमड़ा ...



12 रेन वाटर हार्वेस्टिंग कागजों में, हकीकत में फेल





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
- कोपा - इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## अपराध : खून से लाल हुई जिले की सड़कें, 5 गायों को ट्रक ने रौंदा

# तीन अलग-अलग हादसों में 9 गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- घटना के बाद वाहन छोड़ भागा चालक

जिला मुख्यालय की मुख्य सड़क एक बार फिर गौ माता की खून से लाल हो गई, जहां तीन अलग-अलग सड़क हादसे में 9 गौवंशों की जान चली गई। इसके बाद एक मामले में ट्रक क्र. सीजी 19 बीएन 9214 के चालक के खिलाफ धारा 184 एलकेएस, 281 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं दो अन्य मामलों की जांच में पुलिस जुटी है।

इसमें पहला मामला जिला मुख्यालय के आमापारा में कृष्णकुंज के सामने बालोद–दल्लीराजहरा मार्ग का है , जहां ट्रक की ठोकर से 5 गायों की मौत हो गई, तो वहीं दूसरा मामला बालोद–दुर्ग मुख्य मार्ग पर ग्राम सिवनी के पास का है, जहां अज्ञात वाहन की ठोकर से तीन गायों की मौत हो गई। तीसरी घटना सोमवार शाम खरखरा केनाल टर्निंग के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मवेशी की मौत हो गई। इसके पहले मामले में रात को दल्लीराजहरा से रायपुर की ओर जा रहा आयरन ओर से भरा तेज रफ्तार ट्रक सड़क







पर बैठे 5 मवेशियों को रौंदता निकल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि दो मवेशी उसके नीचे फंसकर दूर तक घसीटते हुए गिरे। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

दूसरी घटना सोमवार तड़के सुबह बालोद–दुर्ग मुख्य मार्ग पर ग्राम सिवनी के पास हुई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 3 मवेशियों की मौत हो गई। गौसेवक अजय कुमार यादव मौके पर पहुंचे, जहां दो गाय शुरुआती समय में जीवित थीं, लेकिन गंभीर चोट के कारण कुछ समय बाद उनकी भी मौत हो गई है। एक मामले में प्रार्थी अर्पित दुबे ने पुलिस को बताया कि रात्रि में पर्यावरण पार्क बालोद से अपने घर मरारपारा बालोद अपने दोस्त जागेश भुआर्य, प्रेम साहू के साथ मोटर सायकिल से जा रहे थे, तभी राजहरा की ओर से आ रही ट्रक क्र. सीजी 19 बीएन 9214 के चालक ने अपने वाहन ट्रक को खतरनाक ढंग से तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए थाना बालोद के पास से तांदुला नहर पुल के पास रोड किनारे बैठी मवेशियों को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से आई चोंट की वजह से कुल 5 मवेशियों का मौके पर मृत्यु हो गई है। घटना के बाद पुलिस व गौ रक्षा अभियान समुह के सदस्यों के साथ मृत मवेशियों को दफनाया गया।

### सड़क पर बैठी गाय से टकराई बाइक, तीन गंभीर, उपचार जारी

बालोद। सड़क में बैठे गाय के कारण बाईक सवार तीन युवक हादसे का शिकार हो गए, जहां तेज रफ्तार से वाहन चला रहे तीनो युवक पहले तो रास्ते मे बैठे गायो से टकराये उसके बाद तीनो बाईक से गिर गए और उनकी बाईक सामने से आ रही कार से जा टकराई। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही थाने के ग्राम सनौद निवासी पूनम यादव, रूपेश ठाकुर, रूपेश वि"वकर्मा एक बाईक के माध्यम से सफर कर रहे थे, इसी दौरान शाम को जब वे पुलिस थाना गुण्डरदेही के सामने से गुजर रहे थे तो उनकी बाईक पहले तो सड़क पर बैठी गायो से जा टकराई, जिससे तीनो युवक बाईक सहित नीचे गिर गए, युवको के गिरने के बाद भी बाईक गाय से टकराने के बाद से नही रूकी और आगे जाकर सामने से आ रही कार से जा टकराई जिससे दुर्ग की ओर से आ रही कार भी क्षतिग्रस्त हो गया। गाय से टकराने के बाद बाईक से गिरने के कारण तीनो युवको को गंभीर चोटे आई है, युवको को आस पास के लोगो के द्वारा पुलिस को जानकारी देकर 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दो युवको की स्थिति गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया। वही दो युवको का जिला अस्पताल मे व एक युवक का स्थानीय अस्पताल मे ईलाज जारी है।

# फ्री फायर गेम खेलते समय दो नाबालिग में खूनी झड़प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

रात का खाना खाने के बाद ग्राम के चौक मे समूह बनाकर फ्री फायर गेम खेल रहे दोस्तो मे खूनी झड़प हो गई। जहां एक नाबालिक युवक ने दूसरे नाबालिक पर चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद चाकू से हमला करन वाले अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वही धायल युवक का ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला गुरूर अंतर्गत कंवर चौकी के एक ग्राम का बताया जा रहा है, जहां रात का खाना खाने के बाद बालक चौक में एकत्रित होकर प्रतिदिन ही तरह फ्री फायर का गेम खेल रहे थे, देर रात फ्री फायर गेम खेलते समय दो नाबालिग में वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

जहां एक युवक द्वारा फ्री फायर गेम खेलने के दौरान हंसने व गेम खेलने के दौरान बार बार दूसरे युवक के सांथ हंसी मजाक करने लगा जिससे दुसरा नाबालिग इतना नाराज हुआ कि अपने पास रखे चाकू से हंसने व परेशान करने वाले युवक को चाकू मार दिया। जिसके बाद आस पास फ्री फायर गेम खेल रहे अन्य युवको मे अफरा तफरी मच गई और उन्होने इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणो के साथ परिजनो को दी, जिसके बाद घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, जहां पुलिस पहुंचकर उक्त नाबालिग को गिरफ्तार कर बाल सुधार केन्द्र भेज दी है। वही घायल युवक का ईलाज जारी है। वही पुलिस आगे की जांच मे जुट गई है।

### तालाब में नहाने गए बुजुर्ग की डूबने से मौत

**बालोद।** गांव के तालाब में नहाने गए एक बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जिसके बाद आस पास के लोगों के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम खर्रा निवासी दुलरवा निशाद पिता पुरूशोत्तम निशाद 70 वर्ष सुबह नहाने के लिए ग्राम के तालाब मे गया हुआ था। जहां सुबह से नहाने गए व्यक्ति जब बहुत देर तक घर नही लौटा तो परिजनों द्वारा उनकी खोजबीन शुरू की गई, जब परिजन बुजुर्ग की तालाश करते तालाब पहुंचे तो वहां उनका नहाने का सामान रखा था, लेकिन वे नही थे, जब तालाब की ओर परिजन व ▶▶| शेष पेज 12 पर

### तालाब में नहाने के दौरान युवक की डूबकर मौत

**बालोद।** राखी के अवसर पर घर आया युवक दूसरे दिन पुनः रायपुर जाने के बाद वहां तालाब मे नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही नगर निवासी जिनेन्द्र मानिकपुरी पिता मोहन दास मानिकपुरी युवक रायपुर में काम करता था तथा राखी के अवसर पर अपने घर आया था। राखी के दूसरे दिन युवक रायपुर काम करने के लिए चला गया। दुसरे दिन युवक रायपुर के तेलीबांधा तालाब मे नहाने गया था। नहाने के दौरान जब युवक बहुत देर तक तालाब से बाहर नही निकला तो उसके दोस्त व आस पास के लोगो के द्वारा इसकी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### मामूली विवाद में युवक की हत्या, गांव में मातम

**कुसुमकसा।** डोंडी विकासखंड के ग्राम हाथीगोर्रा निवासी 24 वर्षीय हेमंत कोठारी की रायपुर में बाइक टकराने के मामूली विवाद में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक पिज्जा डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत था और अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया, जहां मंगलवार को अंतिम संस्कार हुआ। हेमंत की मौत से परिवार के सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है।



### विदेशी वस्तुओं के विरोध में पुतला दहन

**गुण्डरदेही।** स्वदेशी जागरण मंच बालोद एवं स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वालंबन अभियान बालोद के द्वारा अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो का जन रैली के माध्यम से व्यापारिक संगठन के लोगों को आव्हान कार्यक्रम करेंगे। जिसमें विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार होलिका पुतला दहन किया जाएगा। उक्त जानकारी योगेश देशमुख, किशन लाल साहू व जिला संघर्ष वाहिनी प्रमुख बालोद विनय कुमार साहू ने दी है।

### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा श्री रामदेव बाबा का जन्मोत्सव

**बालोद।** श्री रामदेव बाबा समिति बालोद द्वारा श्री रामदेव बाबा का जन्मोत्सव पर्व के संबंध मे बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम के संबंध मे विभिन्न निर्णय लिया गया। श्री रामदेव बाबा समिति बालोद द्वारा बताया गया कि भाद्रपद शुक्ल एकम चन्द्रदर्शन 24 अगस्त दिन रविवार से श्री रामदेव बाबा का जन्मोत्सव पर्व प्राम्भ होने जा रहा है, यह पर्व प्रतिवर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है इस वर्ष भी पर्व के पूर्व की तैयारी के लिए आज मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई।

### सूदखोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने पकड़ा। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शीतलानगर हनोदा, रोड गैलेक्सी हाईट बोरसी निवासी नागेश्वर प्रसाद चंद्रा का आरोपी रायपुर निवासी शब्बीर जैदी कॉलेज बैचमेट था।

# 121.16 लाख में बना स्कूल भवन, सात साल में जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- भवन में जगह-जगह आयी दरारें, धसकने लगी फर्स

हायर सेकंडरी स्कूल कोचवाही के भवन जर्जर होने लगा है। 1918 में बने हायर सेकंडरी स्कूल भवन पी ड ब्ल्यू डी विभाग बालोद द्वारा 121.16 लाख से निर्माण किया गया है। लेकिन निर्माण के कुछ माह बाद ही जगह-जगह दरार आने व धंसने की शिकायत आने लगी थी, जिसकी समय पर मरम्मत नहीं करने से यह अब बढ़ने लगा है। कमारे के फर्स धीरे-धीरे धंसने लगा है, जिसके कारण बच्चों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।

ग्रामीण रोहित यादव, राकेश राणा, उपसरपंच कुलजीत धनेश्कर, ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर ने बताया कि भवन में जगह-जगह दरार आने से पानी सीपेज होने लगा है। ऊपर छत से सभी रुम में पानी टपकने लगा है। बाबूलाल सिन्हा, सीताराम शाडिल्य, पूर्व सरपंच नरसिंह चोरमार, तैय्यब





अली ने बताया कि हायर सेकंडरी स्कूल के बरामदे में दरार आने लगी है। कभी भी अन्य जीव जन्तु घुसने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विभाग को जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 19 नवम्बर 2019 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व अन्य मंत्रियों एवं विधायक के साथ लोकार्पण किया गया है। कोचवाही के प्राचार्य प्रतिभा सिन्हा ने बताया कि स्कूल खुलने के पहले जून माह में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी जानकारी लेने स्कूल आए थे, उसके बाद आज तक स्कूल का निरीक्षण करने नहीं आया है। सरपंच भुनेश्वरी यादव ने बताया कि स्कूल भवन में जगह-जगह पानी रिसाव होने एवं सभी कमरे धसने लगे हैं। इसकी शिकायत विभाग में कर दी गई है।

# मॉडिफाइड बुलेट पर सख्त कार्रवाई, दल्लीराजहरा पुलिस ने 5,900 रुपए का जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बालोद जिला पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर व नगर पुलिस अधीक्षक, राजहरा चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में राजहरा थाना निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे कड़े यातायात अभियान ने आज प्रभावशाली कार्रवाई कर शहरवासियों को सख्त चेतावनी दे दी है। बीएसपी अस्पताल के पास पकड़ी गई मॉडिफाइड बुलेट सवार हिमांशु सिंह के विरुद्ध धारा 182 (के) 4, 119(2)/177, 108(2) /177, 50/2 177एम वी एक्ट के तहत रु 5,900 का चालान काटा गया। दल्लीराजहरा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शासन के सख्त निर्देशों के अनुपालन में मॉडिफाइड साइलेंसर, कान-फाड़ आवाज और खतरनाक रफ्तार वाले वाहनों पर ज़ीरो टॉलरेंस नीति लागू की जा रही है। शहर के कई इलाकों से मिलती शिकायतों के बाद यह अभियान तेज किया गया है और जरूरत पड़ी तो बिना किसी चेतावनी के अगली कार्रवाई में वाहनों की सीधी जब्ती भी की जाएगी। दल्लीराजहरा थाना निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि यह केवल एक शुरुआत है—उन पर भी नज़र रखी जा रही है जिनके खिलाफ बार-बार शिकायतें आ रही हैं। पुलिस ने दोटूक कहा हैः नियम तोड़ोगे तो सजा पाओगे—पहले चालान, फिर अगर सुधार नहीं हुआ तो कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

यह कार्रवाई शहर की सार्वजनिक सुरक्षा और शांति के लिए अहम कदम है। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है और वाहन चालकों को तुरंत अपने वाहन मानक के अनुरूप कर देने की चेतावनी दी है।








## खबर संक्षेप



### मौसम के अनुसार खानपान संतुलित रखने की सलाह

**डौंडीलोहारा।** बदलते मौसम के प्रभावशील होने पर कुछ बच्चों में इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बच्चों में अपने शरीर को स्वस्थ रखने मौसम के अनुरूप बेहतर खानपान और भोजन करने, खासकर बरसात के दिनों में पानी के प्रभाव से सर्दी खांसी व बुखार जैसे रोग से बचना चाहिए या तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए अपनी दिनचर्या को संतुलित करने बताते हुए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के व्याख्याता अविनाश कुमार साहू ने अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को पानी बोतल भेंट कर पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने कहा गया। आयु के अनुरूप व्यक्ति को प्रतिदिन 2 से 4 लीटर पानी पीना चाहिए जिससे उनका शरीर स्वस्थ रहे और पानी की अपर्याप्तता से संबंधित परेशानी न हो। इस कार्य की सराहना करते हुए संस्था के प्रभारी एल के ठाकुर ने बच्चों को अपने दिनचर्या को व्यवस्थित करने और सुबह जल्दी उठकर योगासन करने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता डी आर साहू, आर एस देशमुख, एस वैदे, पुष्पा कटेंद्र, सी नंदा, आर एन योगी, भूपेंद्र पटेल, राकेश कोठारी, तेजेश्वरी साहू, हेमपुष्पा नाइक, सूर्योदय मानिकपुरी मौजूद रहे।

### जिला अध्यक्ष से मिला शहीद परिवार



**अंडा।** अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम देवगहन में किसान लोकेंद्र साहू द्वारा सड़क किनारे खेत में लगवाए गए 18 शहीदों की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों कराने की मांग लेकर शहीद परिवार के सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश यादव से मुलाकात की। विदित हो कि कारगिल शहीद दुर्वासा निषाद (देवरी-ख) के पिता मुंशीलाल निषाद, मां बोधनी बाई एवं शहीद गजरूराम मंडावी (खैरबना) की पत्नी रामप्यारी मंडावी सभी गुरूवार को जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष से मिलने बालोद पहुंचे थे। 75 वर्षीय शहीद के बुजुर्ग पिता मुनीलाल निषाद ने कहा कि पूरा देश आपरेशन सिंदूर में सेना के सौर्य पर गर्व महसूस कर रहा है। सेना के जवानों एवं देश के वीर शहीदों का सम्मान सभी को करना चाहिए। उनका शहीद बेटा दुर्वासा निषाद 1998 में आखिरी बार अगस्त में रक्षाबंधन पर्व पर बहन से राखी बंधवाने छुट्टी में घर आया था एवं देश के प्रति अपना फर्ज निभाते कुछ ही दिनों बाद 4 सितंबर 1998 को कारगिल में अपने अन्य 3 साथियों के साथ पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा उनके वाहन में किए गए ग्रेनेड हमले में शहीद हो गए। बेटे के शहीद होने की जानकारी उन्हें तब मिली जब सेना के दो जवान उनकी अस्थि कलश लेकर दुर्ग स्थित उनके निवास पहुंचे।

## पेज 11 के शेष

### तालाब में नहाने के ...

जानकारी पुलिस को दी गई तब पुलिस ने पहुंचकर गोताखोर के माध्यम से तालाब की छानबीन की जहां युवक का शव मिला। जिसकी जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुचे जिसके बाद पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार कर, शव का पीएम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया।

### तालाब में नहाने गए ...

ग्रामीणो की नजर गई तो तालाब मे बुजुर्ग का शव तैरते मिला। जिसके बाद उक्त जानकारी परिजनो व ग्रामीणो द्वारा पुलिस को दी गई, जहां मौके पर पुलिस पहुंची व शव का पंचनामा तैयार कर शव का पीएम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया।

**सफलता : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' में बेहतर कार्य करने पर मिला अवसर**

# नई दिल्ली के स्वतंत्रता समारोह में विशेष अतिथि होंगी खिलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह कामयाबी उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत किए अपने कार्य की बदौलत प्राप्त किया है। लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली खिलेश्वरी की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे बालोद जिले के लिए गर्व का विषय है। नई दिल्ली में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में खिलेश्वरी का विशेष अतिथि के रूप में शामिल होना एक ऐतिहासिक क्षण है। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत के तहत गठित जय संतोषी स्व–सहायता समूह की सदस्य है जिनका परिवार कुछ समय पूर्व मुख्यतः कृषि मजदूरी पर निर्भर था, किन्तु खिलेश्वरी देवांगन की परिवार को आगे बढ़ाने की ललक ने उन्हें एक नया मुकाम दिया है। उन्होंने अपनी मेहनत और उद्यमशीलता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव की एक नई कहानी लिखी है। उन्होंने बिहान योजना के अंतर्गत मुर्गीपालन और किराना दुकान का संचालन शुरू किया, जिसके जरिए उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि लाखों रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर लखपति दीदी का खिताब हासिल किया।

### 4 लाख 60 हजार वार्षिक आय हुई

इन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ने पश्चात महिलाओं के संगठन तैयार करना तथा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति के रूप में चयनित होकर महिलाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान कर रही है। इस कार्य के माध्यम से 2 करोड़ से अधिक की राशि क्षेत्र के समूहों को बैंक ऋण दिलाने में सहयोग रहा है। इस सेवा हेतु मासिक 6360 रुपए राशि मानदेय के रूप में प्राप्त हुआ है तथा खेती कार्य के साथ–साथ मुर्गीपालन, मछलीपालन, किराना दुकान, फैन्सी स्टोर्स गतिविधि प्रारंभ किया गया इस कार्य हेतु स्वयं के तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली सीआईएफ की राशि का उपयोग कर मुर्गी शेड का निर्माण, मुर्गी पालन हेतु ड्रिंकर फ्रीडर की व्यवस्था हेतु किया गया। खिलेश्वरी को सभी गतिविधियों के माध्यम से कुल 4 लाख 60 हजार वार्षिक आय प्राप्त हुई है। कभी घर तक सीमित रहने वाली खिलेश्वरी देवांगन अपने दृढ़ इच्छाशक्ति एवं दीनदयाल अंत्योदय योजना (बिहान) के सहयोग से आज ''लखपति दीदी'' के रूप में पहचान बना चुकी है और क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरी है।

### मुर्गीपालन और किराना दुकान से सुधरी आर्थिक स्थिति

खिलेश्वरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन की इन योजनाओं ने मुझे आत्मविश्वास और संसाधन दिए। मुर्गीपालन और किराना दुकान ने मेरे जीवन को बदला और आज मुझे दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का मौका मिल रहा है। यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। खिलेश्वरी ने जिला प्रशासन बालोद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन के निरंतर सहयोग से ही यह संभव हो पाया है कि ग्रामीण महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनकर अपनी अलग पहचान बना पा रही हैं।

**राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर चक्काजाम किए थे, समिति प्रबंधक दर्ज करायी शिकायत**

# खाद के लिए आंदोलन करने वाले 10 किसानों के खिलाफ अपराध दर्ज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के लाटाबोड़ में खाद की कमी को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर चक्काजाम किया गया था। पुलिस ने 10 किसानों को नामजद करते हुए, उनके खिलाफ धारा 126(2), 189(2) और 285 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

लाटाबोड़ स्थित सेवा सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक भूपेश देशमुख ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। देशमुख ने बताया कि सुबह जब वे कार्यालय आए, तो कुछ किसान बाहर खड़े थे। उन्हें सूचना मिली कि खाद की कमी के चलते किसान और ग्रामीण लाटाबोड़ में चक्काजाम कर रहे हैं। मौके पर पहुंचने के बाद, उन्होंने देखा कि सैकड़ों लोगों की भीड़ सड़क के बीचों-बीच बैठकर नारेबाजी कर रही थी, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया था। उन्होंने किसानों को समझाने की कोशिश की कि समिति के पास पर्याप्त मात्रा में यूरिया और सुपर फॉस्फेट उपलब्ध है और वे अपनी बारी आने पर खाद ले सकते हैं। लेकिन, किसानों ने उनकी बात नहीं सुनी।

### 10 लोगों पर मामला दर्ज

प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें सांकरा (ज) गांव के वैभव साहू, लाटाबोड़ के रोशन सोनवानी, उत्तम साहू, रघुनाथ ठाकुर, कुमार हिरवानी, उपसरपंच फलेश्वरी साहू, अशोक कल्याणी, भूपेश साहू, संजय साहू और अरौद गांव के ओमप्रकाश भुआर्य शामिल हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि 8-10 अन्य ग्रामीणों की भी इसमें संलिप्तता थी, जिनकी पहचान की जा रही है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद, दोपहर करीब 1.15 बजे प्रदर्शन खत्म हुआ। इस दौरान सड़क पर जाम लगने से आम राहगीरों और वाहनों को काफी परेशानी हुई। पुलिस का कहना है कि खाद उपलब्ध होने के बावजूद, अवैध रूप से चक्काजाम करके मार्ग अवरुद्ध किया गया था। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में अन्य किसानों को भी शामिल करने की तैयारी कर रही है।




## जू जित्सू सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में जिले के 5 खिलाड़ियों ने 10 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

5वीं जू जित्सू सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में बालोद जिले के 5 खिलाड़ियों ने 10 पदक अपने नाम किये, जिनमें 5 ने स्वर्ण, 3 ने रजत और 2 कास्य पदक खिलाड़ियों ने अपने नाम किये।

डोंगरगढ़ में आयोजित 5वीं जू जित्सू सीनियर स्टेट चैपियनशिप में बालोद जिले के 5 खिलाड़ियों ने प्रदर्शन करते हुए सभी ने अपनी वेट कैटेगरी में पदक अपने नाम किये। इसमें याना शांडिल्य ने नेवाजा और फाइटिंग सिस्टम दोनों में स्वर्ण पदक जीते। कामिनी तारम को दोनों वर्गों में रजत पदक मिला। आर्यन साहू ने भी नेवाजा और फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक हासिल किया। रविकांत सिन्हा ने नेवाजा में रजत और फाइटिंग सिस्टम में स्वर्ण पदक जीता। सेमंत कुमार को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। कोच सुरेश शांडिल्य ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी अब नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जूनियर और सब जूनियर ग्रुप की प्रतियोगिता की तैयारी भी चल रही है। इस पर जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ बालोद के अध्यक्ष कमलेश सोनी, संरक्षक राजेश सोनी, उपाध्यक्ष नितिन यादव, सहसचिव मिथलेश चंदन और कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद ने हर्ष व्यक्त किया।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग कागजों में, हकीकत में फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

- आदेश तो जारी, पर अमल गायब : बारिश का पानी बर्बाद
- जल संकट गहराया, रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनी दिखावा





शहर में हर साल गर्मी के दिनों में जल संकट विकराल रूप लेता है, लेकिन जिम्मेदार विभागों और नगर पालिका की लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही। स्थिति यह है कि दफ्तरों से लेकर निजी भवनों तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह गया है। नियमों के नाम पर फीस तो वसूली जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत देखने वाला कोई नहीं।

पालिका नियमों के तहत 2020 में आदेश पारित कर नए मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किया गया था। तीन साल में सैकड़ों मकानों के निर्माण की अनुमति दी गई, परंतु अधिकांश में सिस्टम या तो लगाया ही नहीं गया या लगा कर उसे ठपप छोड़ दिया गया। विडंबना यह है कि सरकारी दफ्तर, जहां से लोगों को जागरूक करने की पहल होनी चाहिए, वहीं अपने भवनों में लगे सिस्टम की सुध लेने को तैयार नहीं। बालोद जिला सहित शहर में हर साल औसतन 1200 मिमी बारिश होती है, लेकिन इसका लाभ भूजल स्तर सुधारने में नहीं मिल रहा। परिणामस्वरूप गर्मी आते ही पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। जानकार कहते हैं कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सही निगरानी और रखरखाव होता, तो पानी की किल्लत आधी हो सकती थी।

नगरपालिका के अधिकारियों के मुताबिक शहर के महज 5% मकानों और दफ्तरों में ही यह सिस्टम चालू हालत में है। बाकी में सिर्फ औपचारिकता निभाई गई है। सवाल यह है कि जब आदेश और नियम हैं, फीस भी ली जा रही है, तो फिर कार्रवाई और जवाबदेही क्यों नही की जा रही।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर का कहना है, शासन के नियम अनुसार प्रत्येक घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य है। नए मकान निर्माण की एनओसी में यह शर्त जोड़ी गई है। नियम का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर मिश्रा की पहल से दिव्यांग को मिली नई ट्राय साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग को मिला सहारा

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कलेक्टर जनदर्शन में चलने–फिरने में हो रही असुविधा के कारण ट्राय सायकल की मांग लेकर पहुंचे गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम ढाबाडीह के 53 वर्षीय दिव्यांग राजूराम को बैटरी चलित ट्राय साइकल प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने दिव्यांग राजूराम को कुशलक्षेम पूछा और नया ट्राय सायकल मिलने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।



जनदर्शन में अपने मांग को लेकर कलेक्टर से मुलाकात करने के उपरांत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तत्काल ट्राय सायकल मिलने पर दिव्यांग राजूराम बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। दिव्यांग राजूराम ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जनदर्शन में पहुँचने वाले लोगों के समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला प्रशासन की बेहतर व्यवस्था की भूरी–भूरी सराहना की। दिव्यांग राजूराम ने बताया कि दिव्यांगता के कारण उसे चलने–फिरने में बहुत कठिनाई होती है। जिसके कारण उसके लिए ट्राय सायकल की उपलब्धता अनिवार्य हो गया था।

राजूराम ने कहा कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात करने के पश्चात उनके निर्देशन में आज उन्हें नया बैटरी चलित ट्राय सायकल प्राप्त हुआ है। जिसके माध्यम से उन्हें अपने दैनिक क्रियाकलापों को पूरा करने के अलावा आवश्यक कार्यों के लिए आने–जाने में बहुत सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि यह ट्राय सायकल उनके लिए अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है। दिव्यांग राजूराम ने जिला प्रशासन द्वारा उनके मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए तत्काल बैटरी चलित ट्राय सायकल प्रदान करने के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित बालोद जिला प्रशासन को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

**बारिश के अभाव में खेतों में पड़ीं दरारें, होगा नुकसान**

# बारिश की कमी से किसानों की बढ़ी चिंता, धान की फसल मुरझाने लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा





अंचल में इन दिनों बारिश को कमी और सिंचाई के अभाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में बोई गई धान को फसल पानी के अभाव में मुरझाने लगी है और मिट्टी में जगह-जगाह दरारें पड़ गई है। स्थिति यह है कि अब धान की पौधे सुखने लगे है क्षेत्र के किसानों का कहना है कि लगातार कई दिनों में पर्याप्त वर्षा न होने के कारण खेत सूखने लगे हैं। धान को इस समय पानी की सबसे अधिक जरूरत होती है।

खेतों में पानी की कमी का असर अब फसल की बढ़वार पर साफ दिखाई देने लगा है। मिट्टी में आई में दरारें इस बात का सबूत हैं कि जमीन की नमी खत्म हो चुकी है। यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। किसान चिंतित हैं कि कई महीनों की मेहनत और लागत पानी की कमी के कारण बेकार न चली जाए। गांव-गांव में किसान आसमान की ओर नजरें गड़ाए हुए हैं, उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही मेघा बरसे और उनके खेतों में फिर से हरियाली लौट आए।

**खपरी जलाशय से छोड़ा गया पानी:** अभी वर्तमान में किसानों के लिए खपरी जलाशय से पानी जरूर छोड़ा गया है लेकिन कई किसानों को नहर की साफ सफाई के कारण पानी खेतों में नहीं पहुँच रहा है। कई किसान रात भर जग कर अपने खेतों में पानी पला रहा है

**खाद एवं दवाई छिड़काव के लिए खेतों पानी जरुरी:** क्षेत्र के बहुत सें किसान खुर्रा बोनी के साथ रोपा पद्धति से धान फसल लगाते हैं। इस पद्धति में अधिक पानी की जरूरत होती है। वहीं अभी क्षेत्र के किसान फसलों में दवाई एवं खाद छिड़काव कार्य में जुटे हैं। लेकिन, कुछ दिनों से बारिश नहीं होनें के कारण खेतों में पानी की कमी से खाद एवं दवाई के छिड़काव करने परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि खाद एवं दवाई खेत की मिट्टी में घुल नहीं पा रहे हैं जो फसल के लिए नुकसानदायक साबित होगा।

**किसानों को अकाल की चिंता:** शुरू में बारिश ठीक थी, झमाझम बारिश भी हुई लेकिन 15 दिनों से कोई बारिश नहीं होने से किसान मायूस हो गए हैं। बारिश नहीं होने से गर्मी का मौसम जैसा महसूस हो रहा है। वर्षा नहीं होने से अभी भी जल स्तर नीचे है। किसानों का कहना है कि अगस्त में बारिश नहीं हो रही है तो आने वाले समय में यह परेशानी की सबब बन सकती है। गांव में खेतों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। जिससे अकाल की आशंका जताई जा रही है।

# नाबालिग की दस से ज्यादा बार लूटी गई इज्जत, बुआ समेत 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

किशोरी से दुष्कर्म का मार्मिक मामला सामने आया है। नाबालिग को वेश्यावृत्ति के इस धंधे में उसकी सगी बुआ ने धकेला।

10 से ज्यादा लोगों ने नाबालिग से दुष्कर्म किया। उसे हर रात किसी दूसरे व्यक्ति का बिस्तर गर्म करने के लिए भेजा गया। इस घटना के बाद नाबालिग इस कदर भयभीत थी, कि वह पुलिस को भी जानकारी देने से बच रही थी। बड़ी मुश्किलों के बाद पुलिस की पूछताछ के बाद उस नाबालिग ने अपनी आपबीती पुलिस को बताई। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर मामले में 5 महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में अब भी पूछताछ की जा रही है। वैशालीनगर पुलिस ने मामले में उक्त आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपियों में सुलोचना पति बोनी सिंह तांडी उम्र 50 साल रामनगर, बी केशथन रेडडी उर्फ केशव पिता के बैरागी रेड्डी उम्र 57 वर्ष सेक्टर 1, लखविंदर कौर उर्फ लक्खी पति प्रवीण कुमार गुप्ता उम्र 50 साल दुर्गापारा सुपेला, सुशीला राव पति जगदीश राव उम्र 44 साल सुपेला, नसरीन उर्फ नरगीस पति शोहेल अखतर उम्र 45 सेक्टर 6 के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इधर घटना के बाद पुलिस ने होटलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बता दें कि लंबे समय होटलों में वेश्यावृत्ति के लिए होटलों का इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें आती रही है।

## खबर संक्षेप



### जपं अध्यक्ष ने किया स्कूल, आंबा और पंचायत भवन का निरीक्षण

**गुरूर।** जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन में आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां प्राथमिक शाला धनोरा में पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई के क्षेत्र में जानकारी ली। साथ ही मध्यान भोजन के बारे में स्कूली बच्चों से विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर जनपद सदस्य हेमंत साहू, तानसिंह देहारी, लता लक्ष्मीचंद साहू उपस्थित थे।

### हाई मास्ट लाइट की जगह लगाया जा रहा था ट्यूबलर पोल, सीएमओ ने रुकाया

**डौंडीलोहारा।** नगर के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में दो नग हाई मास्ट लाइट लगाने का ठेका 8 लाख में हुआ है, लेकिन ठेकेदार द्वारा उस स्थान पर ट्यूबलर पोल लगाया जा रहा है, जिसकी शिकायत वार्ड 14 के पार्षद राजेंद्र निषाद द्वारा 11 अगस्त को सीएमओ के पास लिखित में की। सीएमओ द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए, ठेकेदार को कार्य बंद करने व अपनी मर्जी से कार्य करने पर भुगतान नहीं करने की चेतावनी देते हुए पत्र जारी किया। यह जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई की ठेकेदार द्वारा हाईमास्ट लाइट के बदले ट्यूबलर पोल किसके कहने पर लगाया जा रहा है।

### टटेंगा में संस्कृत सप्ताह का आयोजन



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि देववाणी भी है। हमारे सभी ग्रन्थ और मंत्र इसी भाषा में लिखे गए है। यह भाषा विलुप्ति के कगार पर है। आज इसके संरक्षण, संवर्धन व पुनरूद्धार की आवश्यकता है। प्रयोगशाला सहायक वेद प्रकाश साहू ने कहा कि संस्कृत विश्व के सभी भाषाओं की जननी है। आज कंप्यूटर व चिकित्सा विज्ञान भी संस्कृत में संचालित हो रहे हैं। व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि विश्व संस्कृत दिवस प्रति वर्ष श्रवण पूर्णिमा को अर्थात रक्षा बंधन के दिन मनाया जाता है। यह परंपरा 1969 से प्रारंभ हुई। व्याख्याता पवन सिन्हा व हेपशीबा एंथोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। छवि, चहक, कामिया, प्रियल ने गीत, कविता श्लोक के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### चाकूबाजी की घटना को लेकर भाजपाइयों ने थाने में किया प्रदर्शन

**कुम्हारी।** शनिवार की रात कुम्हारी में हुई चाकूबाजी की घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुम्हारी थाने के बाहर प्रदर्शन किया। कुम्हारी में हो रही लगातार वारदातों को लेकर कुम्हारी मंडल के भाजपाइयों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। बजरंग चौक पुरानी हटरी कुम्हारी में चाकूबाजी की वारदात हुई थी। घायल युवक ने पुलिस बयान के आधार पर पुलिस ने तुरंत चार युवकों को गिरफ्तार किया।

## निधन

### सुखबती साहू



**गुरुर।** ग्राम मुड़पार निवासी सुखबती साहू 70 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे वेदराम साहू, मुकुंद राम साहू, रवि कुमार एवं एनू राम साहू की मां थीं।

# हर घर तिरंगा अभियान में निकाली रैली और पौधारोपण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में निरंतर तिरंगा रैली एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी एवं ग्राम पुसवाड़ा, लिमउडीह में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने बताया कि ग्राम पुसवाड़ा में आयोजित इस तिरंगा रैली में स्कूली छात्र–छात्राएं, शिक्षक–शिक्षिका, पंच, सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर तिरंगा रैली में शामिल लोगों ने पूरे गांव का भ्रमण किया। कार्यक्रम में बच्चे, बुजुर्ग, युवा–युवति सहित महिलाओं ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

इसके अलावा विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी में भी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। एसडीएम सुरेश एवं तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित इस तिरंगा रैली का शुभारंभ एकलव्य आवासीय विद्यालय डौण्डी से किया गया।

### एसडीएम, तहसीलदार और जनप्रतिनिधि हुए शामिल






#### पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

इस तिरंगा रैली में एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिका सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीएं एवं आम नागरिकगण शामिल हुए। तिरंगा रैली एकलव्य आवासीय विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर भवन करते हुए तहसील कार्यालय में इनका समापन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस तिरंगा रैली में शामिल विद्यार्थियों ने वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी में अधिकारी–कर्मचारियों के आवासीय परिसर के समीप रोपे गए पौधों के पास पहुँचकर उनका संरक्षण एवं संवर्धन करने का संकल्प भी लिया।

### आयोजन : जिलेभर से पहुंचे समाज के पदाधिकारियों ने किया माल्यार्पण

# महिला सशक्तिकरण की प्रतीक मिनीमाता, पुण्यतिथि पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि पर बालोद शहर के मिनीमाता चौक में सतनामी समाज ने माता जी की प्रतिमा का अनावरण कर स्थापित किया गया। इस मौके पर जिलेभर से पहुंचे समाज के पदाधिकारियों ने माता जी की प्रतिमा मे पूजा–अर्चना और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी मुख्य अतिथि रहीं।

- दो साल के इंतजार के बाद मिनीमाता चौक पर प्रतिमा स्थापना संभव

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि कोई भी महान संत माता किसी समाज विशेष के लिए नही बल्कि मानव समाज व जन कल्याण के लिए होता है, ठीक इसी तरह हम सब की माता ममतामयी मिनिमाता नारी कल्याण के अनेको कार्य किए और उनके लिए सड़क से लेकर सदन तक उनके हक और अधिकार के लिए संघर्ष की, समाज में ज्ञान के प्रकाश फैलाये, आप लोगो ने मुझे सौंदयऍकरण कर प्रकाश व्यवस्था के लिए निवेदन किए है बिल्कुल माता जी के पास किया जाएगा। सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष संजय बारले ने कहा कि नेशनल हाईवे निर्माण के साथ ही दो साल इंतजार के बाद मिनीमाता जी की प्रतिमा स्थापना संभव हो सका। जो समाज के लिए गर्व की बात है। पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बघेल ने मिनीमाता जी के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद के रूप में समाज सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया।






पूर्व अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल ने कहा कि मिनीमाता जी ने महिलाओं और दलितों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका योगदान अमूल्य है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत सहित समाजिक जन अशवन बारले, पीडी टंडन, मातरम कोशरे, डीडी मंडले, संजय जोशी, संत राम बंजारे, निर्मल बघेल, रवि टंडन, गोवर्धन बारले, चन्द्र कुमार देशलहरा, यूआर बरायन, श्यामा मार्कण्डेय, गंगा टंडन, पंडित तुलसी राम बारले, टीएस अजगले, तहसील अध्यक्ष गण धनी राम बारले, नीलकंठ टंडन, धनेश बघेल, पुनारद गेंडरे, कृष्णा बंजारे, पुरुषोत्तम बारले, संदीप जोशी, लछमीनारायण बघेल, कुणाल सिंह ग्रामीण भंडारी, छड़ीदार, सामाजिक माताएं, बहने व वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# धनगांव में कला मंच जिर्णोद्धार का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 के मुख्यालय धनगांव में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने कला मंच जीर्णोद्धार के लिए 2 लाख की जिला पंचायत निधि से राशि स्वीकृत कर ग्रामवासियों को सौगात दी। भूमिपूजन करने मुख्य अतिथि राजाराम तारम सदस्य जिला पंचायत बालोद, गोविंद चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि, रघुवीर पटेल सरपंच, रवि साहू सेक्टर प्रभारी, सातो बाई बढ़ई, शांति बाई, लाकेश्वरी मसिया, प्रीतराम साहू, फनेश सेवता, कुंजलाल पिस्दा, झरियारिन बाई, पार्वती बाई, लेखराम पटेल, होरी लाल रावटे, जगत राम रावटे, दिनेश पिस्दा और स्कूल के स्टाफ सहित बच्चों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। गांव में भारी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

तारमजी ने कहा चुनाव जीतने के बाद आभार रैली में धनगांव पहुंचे तो आप लोगों ने मांग पत्र सौंपे थे। कला मंच जीर्णोद्धार का जो डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया के मार्गदर्शन से आप लोगों की मांग आज पूरी हो गई। गोविंद चंन्द्राकर ने कहा कि आप लोग जो मांग रखे थे, जिला पंचायत निधि से आज पूर्ण होने जा रही है।

ऐसे भविष्य में और काम आपके ग्राम पंचायत में प्राथमिकता के तौर पर होता रहेगा। सरपंच ने कहा की लंबे अन्तराल के बाद क्षेत्र के पहले जिला पंचायत सदस्य हैं, जिनके निधि से हमारे ग्राम धनगांव में राशि स्वीकृत हुई है। ग्राम पटेल इंद्रकुमार भंडारी ने कहा अभी तक चुनाव जीतने के बाद कोई भी जिला पंचायत सदस्य धनगांव नहीं पहुंचा था, जबकि मुख्यालय पड़ता है, लेकिन तारमजी ने हम सब की उपस्थिति में आज अपने जिला पंचायत निधि से कला मंच जीर्णोद्धार 2 लाख की राशि स्वीकृत करने से गांव खुशी का माहौल है, हम सभी ग्रामवासी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हैं।

# डॉ. अशोक आकाश लिखित पुस्तक आपरेशन एक्के घांव का विमोचन 14 अगस्त को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ स्तरीय वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.अशोक आकाश लिखित छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह आपरेशन एक्के घॉंव का विमोचन कॉंफ्रेन्स हाल न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में किया जा रहा है। डॉ.अशोक आकाश साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट मुकाम प्राप्त कर साहित्य के विभिन्न विधाओं में सतत लेखन कर अपनी पहचान बना चुके हैं, अबतक उनकी चार काव्य संग्रह, एक आलेख संग्रह, चार अनुवादित कृति प्रकाशित है, इसके अतिरिक्त वे लगातार विभिन्न पत्रिकाओं में कालम एवं लेख लिखते आ रहे हैं।1985 से निरंतर साहित्य लेखन में अग्रसर डॉ अशोक आकाश वर्तमान में मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद के अध्यक्ष के रूप में सतत साहित्य लेखन कर रहे हैं साथ ही, राष्ट्रीय कवि संगम जिला बालोद, जनवादी लेखक संघ जिला बालोद, छत्तीसगढ़ भ्रातृ संघ जिला बालोद के संयोजक के रूप में कार्य के साथ कई साहित्यिक संस्थाओं का नेतृत्व करते छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग में जिले का नेतृत्व कर चुके हैं। आपरेशन एक्के घॉव इनकी पॉंचवी काव्यकृति है इसका प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा किया गया। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ की कला, परम्परा, संस्कृति के साथ नारी जागरण, नारी शिक्षा, नशा मुक्त समाज निर्माण की दिशा में पहल करती कविताएँ संग्रहित है। डॉ.अशोक आकाश की यह कृति छत्तीसगढ़िया कला साहित्य एवं संस्कृति के उत्थान के लिये संग्रहणीय है। उक्त पुस्तक के विमोचन पर बालोद जिला स्तरीय साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्त जानकारी कन्हैया लाल बारले मधुर साहित्य परिषद तहसील इकाई डौंडी लोहारा द्वारा दी गई है।



# महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ एवं इंडक्शन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर के एकलव्य महाविद्यालय में 11 अगस्त को दीक्षारंभ एवं इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेमन देशमुख जिलाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद, विशिष्ट अतिथि राकेश यादव छाया विधायक बालोद,देवेन्द्र जायसवाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, विशेष अतिथि जसराज शर्मा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण रवि जैन, इकबाल अरोरा, महावीर साहू, डोमेन्द्र कुमार देशमुख, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष धीरेन्द्र टांक व अन्य अतिथिगण, महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रोशन आरा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि चेमन देशमुख ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि राकेश यादव ने विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़ने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संस्था प्रमुख डॉ. रोशन आरा द्वारा महाविद्यालय के समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया, जिस पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी नोडल अधिकारी संजय कुमार ठाकुर ने दी।

## जिले में तिरंगा यात्रा का आयोजन आज

**बालोद।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय बालोद में 13 अगस्त को जिला प्रशासन द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तिरंगा यात्रा का आयोजन 13 अगस्त को शाम 4 बजे होगा। तिरंगा यात्रा सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से शुरू होकर घड़ी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, हलधर नाथ चौक, मधु चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए वापस सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में समाप्त होगी। जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले के समस्त गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारियों, विभिन्न संगठनों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों, स्कूली छात्र–छात्राओं, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, समस्त खेल संघ के पदाधिकारी सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों सहित सभी जिले वासियों से 13 अगस्त को शाम 4 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में उपस्थित होकर इस तिरंगा यात्र में शामिल होने की अपील की गई है।

# मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी रोकने हो पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




बालोद जिले के प्रभारी सचिव भुवनेश यादव ने बालोद जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यादव आज कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर बालोद जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान प्रभारी सचिव यादव ने गांजा, शराब, नशीली दवाइयां आदि मादक पदार्थों के लत से ग्रसित विशेष आयु वर्ग के लोगों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर मनः प्रभावी पदार्थों के बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु चिन्हित स्थानों पर नियमित रूप से जांच करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नशापान से ग्रसित लोगों के इलाज हेतु की गई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

- जिले के प्रभारी सचिव ने वर्चुअल बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

यादव ने चिकित्सालयों में नशापान से ग्रसित लोगों के इलाज हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने नशीली दवाओं के अवैध परिवहन एवं व्यापार करने वालों के विरूद्ध की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने प्रभारी सचिव को बालोद जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु की गई उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मिश्रा ने कहा कि जिले के स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के अलावा अन्य चिन्हित स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर नशापान से दूर रहने की समझाइश दी जा रही है। बैठक में पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल एवं अन्य अधिकारियों ने जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी दी।

### जनदर्शन में आवास, शिक्षा, मोबाइल टावर व आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी मांग की

# कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में सुनीं जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज:बालोद





कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में पहुंचे लोगों के पास पहुंचकर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे प्रत्येक लोगों के पास स्वयं पहुंचकर उनसे आत्मीय बातचीत की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने आगन्तुकों के आवेदनों के अवलोकन के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जिला प्रशासन के मुखिया के सहजता, आत्मीय एवं मधुर व्यवहार से जनदर्शन में पहुंचे आम नागरिकगण बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। उल्लेखनीय है कि जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात करने हेतु संयुक्त जिला कार्यालय में पहुंचे थे। कलेक्टर ने सभी लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

**कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में सुनी जनता की समस्याएंः** जनदर्शन मे जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सुरडोंगर के सरपंच तारादेवी दर्रो एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम मरकाटोला में प्री मेट्रिक छात्रवास निर्माण एवं मोबाईल टावर लगाने की मांग की। ग्राम झिटिया के ग्रामीणों ने पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक पदस्थापना करने की मांग की। बालोद विकासखण्ड के ग्राम कांड़े निवासी तुलेश्वर प्रसाद ने ऋण पुस्तिका में त्रुटि सुधार करने की मांग की। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नांहदा निवासी केशव प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। ग्राम पंचायत मुड़िया के सरपंच हरेश कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्राम मुड़िया में मोबाईल टावर लगाने तथा व्यावसायी परिसर निर्माण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। वार्ड नंबर 14 नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के पार्षद राजेन्द्र निषाद ने पुराना बस स्टैण्ड में शौचालय निर्माण करने तथा नवीन कन्या शाला में बोर खनन कराने की मांग की। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम मुजगहन में मिनी मास्क लाईट लगाने एवं नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण करने की मांग की।



**खबर संक्षेप**



## हायर सेकंडरी में एक पेड़ मां के नाम पौधे का रोपण

**डौंडीलोहारा।** नगर के बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मेश्राम ने पौधारोपण किया। शासन की महती योजना एक पेड़ मां के नाम का पालन करते हुए मेश्राम जी द्वारा दो अशोक के और एक बेला युक्त पौधे का रोपण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने व्यक्तिगत रूप से विद्यालय को 12 हैंगिंग गमले प्रदान किया और साथ ही साथ उसमें बेल युक्त पौधे तथा पुष्प युक्त पौधे भी लगाये, जिससे विद्यालय की सुंदरता और बढ़ जाए, उनके इस कार्य से प्रभावित होकर कई बच्चों द्वारा अपने घरों से विभिन्न प्रकार के सजावटी फूलों और पत्तों का रोपण भी क्यारी में किया गया।

## कमरछठ पर्व पर माताएं करेंगी निर्जला व्रत और पूजा-अर्चना



**बालोद।** आज माताएं अपनी संतानो के लिए कमरछठ का व्रत रखेगी। जहां दिन भर निर्जला व्रत रख माताएं भगवान शंकर पार्वती की पूजा अर्चना करेगी। इस दौरान व्रत के लिए उपयोगी पसहर चावल के साथ मह लाई, चना और छह प्रकार की सामग्री बाजार में देखने को मिल रही है। जहां छह प्रकार के भाजी भी बाजार मे बिकने लगी है। जिसे महिलाएं खरीदने बाजार पहुंच रही है।

## कृषि सहकारी विपणन संघ ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

**बालोद।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत भारतीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड ने सोमवार को टाउन हॉल बालोद में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी मुख्य अतिथि रहीं। आयोजन में बालोद ब्लॉक के किसानों को आमंत्रित किया गया था। इफको नैनो कंपनी ने उर्वरक आधारित किसान सभा के लिए विशेष स्टॉल लगाया। खेतों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन किया गया। ड्रोन को उड़ाकर किसानों को इसका उपयोग दिखाया गया। नेफेड के सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल रहे। किसानों को पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

## सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** पटवारी की नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वार्ड 58 अंबेडकर नगर दुर्ग निवासी रूपेश कुमार को पटवारी पद में नियुक्ति के लिए फर्जी नौकरी के दस्तावेज तैयार कर 15 लाख रुपए की ठगी न्यू आदर्श नगर बोरसी दुर्ग हितेश सिन्हा ने की।

### अभियान : स्कूली बच्चे और व्यापारी संघ ने मिलकर 'हर घर तिरंगा', और स्वच्छता का दिया संदेश

# 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' थीम पर भव्य तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौण्डी

विकासखण्ड डौण्डी अतंर्गत मंगलवार को भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त अभियान अंतर्गत माननीय जिला कलेक्टर बालोद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी जिला पंचायत बालोद के निर्देशानुसार जनपद पंचायत डौण्डी डी डी मंडले के द्वारा ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग'' थीम पर विभिन्न गतिविधि एवं जन जागरूकता अभियान हेतु संयुक्त एकलव्य विद्यालय डौण्डी के स्कूली विद्यार्थीयों एवं एकता व्यापारी संघ डौण्डी के साथ मिलकर तिरंगा रैली निकाली गई। जिसमें तिरंगा रैली संयुक्त एकलव्य विद्यालय से लेकर पौधरोपण स्थल हाउसींग बोड सल्हाईटोला एवं जनपद पंचायत डौण्डी परिसर से लेकर तहसील कार्यालय डौण्डी तक तिरंगा रैली निकाली गई।





बुधवार को जनपद पंचायत डौण्डी के परिसर में तिरंगा मेला का आयोजन भी रखा गया है। जिसमें अधिक संख्या में पंचायतों में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक को उपस्थिति हेतु निर्देशित किया गया है। तिरंगा रैली दौरान अनुविभागीय अधिकारी(रा.) सुरेश साहू, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जप डौण्डी डी.डी.मण्डले, प्राचार्य एकलव्य विद्यालय डौण्डी नीरज कुमार पाल सिंग, जनपद सदस्य, साधना सोरी, रत्ना हिरनानी, कार्यक्रम अधिकारी नीरज वर्मा, डीइओ डी.के.रात्रे, विकासखण्ड समन्वयक डी.एस.यादव, एकता व्यापारी संघ अध्यक्ष ओम गोलछा, सचिव कमलेश गुनधर, मिडिया प्रभारी आशीष जैन, एकता व्यापारी संघ के सदस्य राजेन्द्र नाहर, विशाल जैन, रूपेश ढेलड़िया,विशाल जैन, संतोष ढेलड़िया जनपद से, एक.के टेकाम, एम.एल.निषाद, संयुक्त एकलव्य विद्यालय के शिक्षक रवि प्रकाश, के एम.सोनिया, अमित कुमार, किरन बाला, मोनिका, कपिल कुमार, प्रांजल श्रीवास्तव मुकेश कुमार श्रीवास, मनमोहन यादव अन्य एवं स्कुली विद्यार्थी अधिक संख्या में मौजूद रहें।

## तिरंगा अभियान में छात्रों ने निकाली रैली

अंडा। उच्चतर प्राथमिक शाला परसदा डगनिया संकुल केंद्र परसदा में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत शाला के बच्चों द्वारा ग्राम स्तर पर तिरंगा अभियान रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया। इसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों और ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच ग्राम के प्रमुख नागरिक शामिल हुए। शाला स्तर पर बनाए गए सेल्फी जोन से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारी के प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराया गया। भ्रमण के पश्चात शाला स्तर पर बच्चों द्वारा रंगोली, ड्राइंग सीट, मानव श्रृंखला बनायी गई।

## स्वतंत्रता दिवस पर बालोद में होगी स्वतंत्रता दौड़

**बालोद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद में 14 अगस्त को जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालोद द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक जिला खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को सुबह 07.15 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ सुबह 07.15 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से शुरू होकर घड़ी चौक, संजारी क्लब, गायत्री मंदिर के सामने से विश्राम भवन की ओर होते हुए वापस सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में समाप्त होगी। इस स्वतंत्रता दौड़ में जिले के समस्त गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारियों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य सहित शिक्षक–शिक्षिका, विद्याथएँ, खेल संघ के पदाधिकारी सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि एवं समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशापान के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशापान से दूर रहने हेतु नशापान मुक्त भारत का शपथ भी दिलाई जाएगी।

## अरमरीकला में 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता' अभियान का किया आयोजन





**गुरूर।** ग्राम पंचायत अरमरीकला में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य रूप से जनपद सभापति नरेश साहू, सरपंच घनेन्द्र साहू, मुख्यकार्यपालन अधिकारी गुरूर उमेश रात्रे, बागड़े, सिरमौर, मुख्य कार्यक्रम अधिकारी योगेश देवांगन, उपसरपंच सोहन साहू, कुलेश्वर साहू, मनहरण, मकरध्वज, दीपा साहू, जमुना साहू, वामन साहू, चंद्रशेखर निर्मलकर, भारत साहू, स्वच्छता दीदी बिहान समूह के बहनों के साथ, शासकीय विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चे, ग्राम पंचायत के सचिव मुकेश्वरी साहू, लोकेश्वर पटेल, तेजेश्वर सोनी, टेमन सोनी,राजू कौमार्य एवं अन्य ग्राम वासि उपस्थित रहे। इस अवसर पर घनेन्द्र साहू ने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारा प्रण है। तिरंगा हमारी आन, बान, शान है और स्वच्छता हमारे संस्कार, हमारी सभ्यता और हमारे भविष्य की पहचान है।

नरेश साहू ने इस अवसर पर बताया कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ–साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देगा। यही नहीं प्रदेश सरकार का यह अभियान स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाकर यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूती प्रदान करता है।

## रेंगाडबरी में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान का आगाज



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति ध्यान रखने के लिए स्वच्छताग्रही की महिलाओं द्वारा हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान में जुड़कर सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस दौरान हर घर तिरंगा लहराएगा तो देश भक्ति की भावना प्रबल होगी, स्वच्छता के बिना अच्छे स्वास्थ्य का कल्पना करना संभव नहीं, इसी तारतम्य में ग्राम रेंगाडबरी की स्वच्छताग्रही की महिलाओं द्वारा मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच भावना जयेश जैन, तारा देवी निर्मलकर, ललित सोनी, महेश्वरी, देवकी बाई, अनूपा सोनी, निर्मला बाई, पेमिन बाई, मानकी बाई, अमेरिका राणा सहित सभी स्वच्छाग्रही नारी जागरण की महिलाएं उपस्थित थीं।

## मेगा टिंकरिंग डे में अंडा से 35 छात्रों ने लिया हिस्सा



**अंडा।** नीति आयोग द्वारा आयोजित मेगा टिंकरिंग डे में अंडा से 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सुबह 10 से 11 बजे तक एक घंटे की मेगा टिंकरिंग लैब में एक साथ अनुप्रेषित किया गया। इसमें छात्र नवाचार पूर्ण एवं डू-इट-योरसेल्फ परियोजनाओं का निर्माण किये। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, समस्या समाधान कौशल और स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित) के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। देशभर के 10 हजार से अधिक एटीएल और लगभग 1.1 करोड़ छात्र इस आयोजन का हिस्सा बने, जो 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 722 जिलों में एक साथ जुड़े। यह भारत का सबसे बड़ा टिंकरिंग आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना और तकनीकी व वैज्ञानिक सोच की दिशा में अग्रसर करना है। नीति आयोग ने कार्यक्रम के संचालन के लिए सभी एटीएल को प्राप्त विस्तृत दिशा निर्देश के अनुसार सफल क्रियान्वयन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर, पद्मावती राव,व अटल लैब प्रभारी रेणुका चंद्राकर व अन्य सदस्य ममता वर्मा, सुमन मिश्रा, श्वेता भिमटे उपस्थित थे।

## गांव-गांव गूंजा जयघोष और उमड़ा जनसैलाब



**दल्लीराजहरा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज डौण्डी, पुसावड़ और लिमउडीह देशभक्ति के रंग में रंग गए। जगह-जगह तिरंगा रैलियां निकाली गईं, जिनमें स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने कंधों पर तिरंगा थामकर देश के प्रति अपने प्रेम का इजहार किया।



पुसावड में निकली भव्य रैली में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, पंच, सरपंच, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति नारों से पूरा गांव गूंज उठा। रैली पूरे गांव का भ्रमण करते हुए आगे बढ़ी, जिसमें महिलाएं, युवा और बुजुर्ग एक साथ कदम से कदम मिलाकर चले। इसी तरह डौण्डी में भी विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। एकलव्य आवासीय विद्यालय से शुरू हुई यह यात्रा नगर भवन होते हुए तहसील कार्यालय में समाप्त हुई। रास्ते भर बच्चे और नागरिक /"भारत माता की जय/" और /"वंदे मातरम/" के जयघोष करते रहे। विशेष बात यह रही कि रैली में शामिल विद्यार्थियों ने डौण्डी में अधिकारी-कर्मचारियों के आवासीय परिसर के पास लगाए गए पौधों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लिया, यह संदेश देते हुए कि तिरंगे की तरह पर्यावरण की रक्षा भी हर नागरिक का कर्तव्य है।

हर घर तिरंगा अभियान के साथ देशभक्ति का यह ज्वार गांव-गांव में उमंग और एकता की मिसाल बन रहा है।

## हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान का आगाज



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत धनगांव मे हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, सरपंच रघुवीर सिंह पटेल,पंचायत प्रतिनिधी, ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख, शिक्षकगण, स्कूली बालक, बालिका एवं समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

## मानव श्रृंखला बनाकर तिरंगे का निर्माण किया



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बगईकोन्हा सिरपुर में संस्था के शिक्षकों के निर्देशन में बच्चों नें तिरंगा का मानव श्रृंखला का निर्माण किया।

## जेवरतला और मुड़पार के स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर क्षेत्र क्रमांक 05 के सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत जेवरतला एवं मुड़पार मे प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे मुख्य रुप से सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, तिरंगा यात्र के प्रभारी ढंगु राम हिरवानी, महामंत्री भाजपा मंडल सनौद बोधराय हिरवानी, संयोजक शक्ति केंद्र मोहारा नीलकंठ साहू, सहसंयोजक शक्ति केंद्र मोहारा केशव रामधनकर, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मोहारा



लिलेश्वरी साहू, सरपंच जेवरतला दिनेश कुमार यादव, बूथ अध्यक्ष भगवान सिंह साहू, सावित्रीबाई, लताबाई, बीरन बाई, झामीन बाई, कुंती बाई, गणेशिया, साधना, जितेंद्र ठाकुर एवं ग्राम पंचायत जेवरतला और मुड़पार के पंचगण व ग्रामवासी शामिल हुए।










